RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : शुक्रवार 03 जनवरी 2025 | वर्ष 06 | अंक 261 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक रोकठोक लेखनी ®
खबरें बे-रोकटोक

**मुंबई में 1.41 लाख घरों की बिक्री से 12,130 करोड़ की हुई कमाई**




Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

# किसान महाराष्ट्र सरकार के फैसले से हुए गदगद

## वापस मिलेगी जब्त हुई जमीन, लहलहाएंगे खेत...

**वीर सावरकर के नाम पर कॉलेज का शिलान्यास**

महाराष्ट्र सरकार ने नए साल की शुरूआत किसानों के लिए एक बड़ी खुशखबरी के साथ की है. राज्य के भाजपा अध्यक्ष और मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने गुरुवार को मीडिया से बातचीत में बताया कि सरकार ने कैबिनेट बैठक में एक अहम फैसला लिया है. इस फैसले के तहत 963 किसानों को उनकी जमीन वापस की जाएगी, जो उनके ऊपर सरकारी बकाया न चुकाने के कारण जब्त कर ली गई थी.



बावनकुले ने कहा कि यह फैसला राज्य के किसानों की भलाई को ध्यान में रखते हुए लिया गया है. जमीन की वापसी उन किसानों के लिए बड़ी राहत साबित होगी, जिनकी जमीनें जब्त हो जाने के कारण वे आर्थिक और मानसिक रूप से परेशान थे. इस कदम से न केवल किसानों का आत्मविश्वास बढ़ेगा, बल्कि उन्हें अपनी खेती और आजीविका को फिर से शुरू करने का मौका मिलेगा.

**राजनीतिक सवालों पर बावनकुले का बयान**

एनसीपी नेता शरद पवार और अजीत पवार के राजनीतिक विलय के सवाल पर चंद्रशेखर बावनकुले ने कहा कि अगर परिवार एक साथ आता है तो यह एक सकारात्मक संकेत है. उन्होंने इसे राज्य की राजनीतिक एकता और विकास के लिए अच्छा बताया. बावनकुले ने इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि इससे महाराष्ट्र में विकास की संभावनाएं मजबूत होंगी.

**वीर सावरकर के नाम पर कॉलेज का शिलान्यास**

चंद्रशेखर बावनकुले ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दिल्ली में वीर सावरकर के नाम पर कॉलेज का शिलान्यास करने की योजना का भी जिक्र किया. उन्होंने इसे महाराष्ट्र के लिए गर्व का विषय बताया. बावनकुले ने कहा कि वीर सावरकर महाराष्ट्र के गौरव हैं, और प्रधानमंत्री मोदी ने उनका सम्मान बढ़ाया है. उन्होंने कांग्रेस पर सावरकर का अपमान करने का आरोप लगाते हुए उद्धव ठाकरे पर भी निशाना साधा और कहा कि सत्ता की खातिर वे इस मुद्दे पर चुप हैं.

**नीतीश कुमार की सरकार गिराने के बयान पर पलटवार**

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सरकार गिराने के लालू प्रसाद यादव के कथित बयान पर बावनकुले ने इसे हास्यास्पद बताया. उन्होंने कहा कि जो कुछ संजय राउत और लालू प्रसाद यादव कह रहे हैं, वह शायद उन्होंने अपने सपनों में सुना होगा. इसे बेईमानी और अव्यावहारिक बताते हुए उन्होंने विपक्ष के इन दावों को सिरे से खारिज कर दिया.

**किसानों के लिए भविष्य की उम्मीदें...!**

**महाराष्ट्र सरकार के इस फैसले से राज्य के किसानों में उम्मीद की नई किरण जगी है. जमीन की वापसी से न केवल उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा, बल्कि इससे सरकार और किसानों के बीच विश्वास भी मजबूत होगा. यह कदम राज्य में किसानों की समस्याओं को दूर करने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है.**

# कर्ज वसूली एजेंट द्वारा परेशान किए जाने के बाद व्यवसायी ने आत्महत्या कर ली...



**महाराष्ट्रः** कांदिवली के एक 27 वर्षीय व्यवसायी ने एक वित्तीय कंपनी के रिकवरी एजेंट द्वारा परेशान किए जाने के बाद मंगलवार को आत्महत्या कर ली। इस संबंध में कुरार पुलिस ने रिकवरी एजेंट विजय ओहाल के खिलाफ मामला दर्ज किया है और शिकायत में आरोप लगाया गया है कि ओहाल ने वाणिज्यिक वाहन के ऋण की किस्त की बकाया राशि को लेकर उसे परेशान किया। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज के मूल निवासी सूरज अमृतलाल जयसवाल ने मंगलवार को कांदिवली (पूर्व) के गोकुल नगर स्थित अपने आवास पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस संबंध में जयसवाल के बड़े भाई सुनील जयसवाल (40) ने पुलिस में शिकायत दर्ज करायी है. शिकायत के अनुसार, उनके भाई ने तीन वाणिज्यिक वाहनों के लिए ऋण लिया था। वित्तीय बाधाओं के कारण जयसवाल एक वाहन की मासिक किस्त का भुगतान करने में असमर्थ थे; इसलिए नवंबर माह में विजय ओहल उसे बार-बार फोन कर किश्तें भरने के लिए परेशान कर रहा था। सुनील ने पुलिस को बताया कि चूंकि मैं उस लोन का गारंटर था, इसलिए ओहाल भी मुझे फोन कर रहा था और अपने भाई से बात करने के लिए कह रहा था. बाद में सूरज दूसरी किश्त देने में असफल रहा तो ओहाल ने उसे फिर से फोन करना शुरू कर दिया। शिकायतकर्ता को बार-बार फोन कर कहा गया कि तुम्हारा भाई फोन नहीं उठा रहा है. मेरा भाई ऋण की किश्तें चुकाने में असमर्थ है।



# महाराष्ट्रः शराब पिलाकर नाबालिग लड़की से बलात्कार कियाः दापोली में एक गिरफ्तार

**महाराष्ट्रः** एक घटना सामने आई है कि दापोली तालुका में एक नाबालिग लड़की को एक फार्महाउस में ले जाया गया और पेय में गन्दी दवा देकर उसके साथ बलात्कार किया गया। साथ ही उसकी फोटो खींचकर सोशल मीडिया पर पोस्ट करने की धमकी देने वाले युवक के खिलाफ भी दापोली पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है. दापोली पुलिस के अनुसार, चिपलून के संदिग्ध अजहर कदवलकर ने सोशल मीडिया के माध्यम से दापोली तालुका की एक लड़की से दोस्ती की, जब वह नाबालिग थी। इस दोस्ती के जरिए वह अप्रैल 2022 में लड़की को चिपलून के एक फार्महाउस में ले गया और वहां उसे शीतल पेय पिलाया। इसके बाद लड़की ने इसे पी लिया तो वह बड़बड़ाने लगी। इसका फायदा उठाकर उसने इस लड़की के साथ शारीरिक संबंध बनाए और उसकी तस्वीरें भी ले लीं. इसके बाद इन तस्वीरों को सोशल मीडिया पर पोस्ट करने की धमकी देकर अजहर लड़की को गुहागर और मुरुड के एक लॉज में ले गया. लेकिन जब इस लड़की को उसका असली नाम पता चला तो उसने उसके साथ जाने से इनकार कर दिया. फिर अजहर ने शादी करने का फैसला किया. लेकिन जब इस लड़की ने इसके लिए मना कर दिया तो उसने इस लड़की को परेशान करना शुरू कर दिया और आखिरकार इस लड़की ने दापोली पुलिस स्टेशन जाकर अजहर के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई।

इस शिकायत के आधार पर दापोली पुलिस स्टेशन में संदिग्ध अजहर कदवलकर के खिलाफ यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम, 2012 की विभिन्न धाराओं और भारतीय न्यायिक संहिता के तहत मामला दर्ज किया गया है। जब उसे अदालत में पेश किया गया तो उसे पुलिस हिरासत में भेज दिया गया। इस संबंध में आगे की जांच सब-इंस्पेक्टर ज्योति चव्हाण कर रही हैं. लड़की ने शिकायत में संदिग्ध का नाम अजहर कदवलकर बताया था, लेकिन जांच अधिकारी ने जानकारी दी है कि पता चला है कि वह अजहर कदवईकर है. इस घटना से दापोली तालुक में उत्तेजना मच गई है.

## संपादकीय...



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

### कठघरे में कांग्रेस...

पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की चिता की आग ठंडी भी नहीं पड़ी थी कि उनके अंतिम संस्कार को लेकर राजनीति शुरू कर दी गई। इस सियासी विवाद को चिंगारी मिली नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के इस बयान से कि देश के पहले सिख प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का निगमबोध घाट पर अंतिम संस्कार कराकर केंद्र सरकार ने उनका अपमान किया है। भाजपा ने जवाबी हमला करते हुए कांग्रेस पर इस मसले को लेकर राजनीति करने का आरोप लगाया। कांग्रेस और भाजपा में राजनीतिक युद्ध के बीच मनमोहन सिंह का परिवार चुप है। कांग्रेस की ओर से मनमोहन सिंह का कथित तौर पर गरिमापूर्ण अंतिम संस्कार न होने का आरोप लगाने की एक वजह है। कांग्रेस के दामन पर 1984 के सिख विरोधी दंगों का दाग है। भाजपा सिख विरोधी दंगों को लेकर कांग्रेस को निरंतर कठघरे में खड़ा करती रही है। हैरानी नहीं कि मनमोहन सिंह के अंतिम संस्कार में कथित गरिमा की कमी का मुद्दा बनाकर कांग्रेस अपने पर लगे सिख विरोधी दंगों के दाग को धोने की कोशिश कर रही हो। वह यह मामला उठाकर पंजाब में सिख समुदाय में नए सिरे से पैठ बनाने की भी कोशिश कर रही है, जिसमें फिलहाल आम आदमी पार्टी का असर है। यह भी ध्यान रहे कि दिल्ली में विधानसभा के चुनाव होने जा रहे हैं। दिल्ली की कुल आबादी में सिखों की हिस्सेदारी करीब चार प्रतिशत है।

साफ है कि मनमोहन सिंह का गरिमामय अंतिम संस्कार न होने का आरोप लगाकर कांग्रेस पंजाब के साथ दिल्ली के सिख मतदाताओं में भी पैठ बनाने की कोशिश कर रही है। यह कोशिश स्वाभाविक है, लेकिन सवाल यह भी है कि नरसिंह राव और विश्वनाथ प्रताप सिंह का निधन नई दिल्ली में होने के बावजूद कांग्रेस ने इन नेताओं का अंतिम संस्कार राजधानी की किसी प्रतिष्ठित जगह कराने की जरूरत नहीं समझी? तब तो दिल्ली और केंद्र में कांग्रेस की ही सरकारें थीं। विनय सीतापति की लिखी नरसिंह राव की जीवनी ह्यहाफ लायनह्व के पन्नों से गुजरेंगे तो पता चलेगा कि नरसिंह राव के निधन के अगले दिन फूलों से सजी सेना की गाड़ी उनके शव को लेकर कांग्रेस मुख्यालय पहुंची और करीब आधे घंटे तक मुख्यालय के गेट पर खड़ी रही, लेकिन गेट नहीं खुला। विनय सीतापति के मुताबिक, नरसिंह राव के स्वजनों ने उनका अंतिम संस्कार दिल्ली में ही करने की मंशा जताई थी, लेकिन तत्कालीन कांग्रेस सरकार और पार्टी नेतृत्व ने ऐसा करने से इन्कार कर दिया। उस वक्त मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री थे, जिन्हें 1991 में नरसिंह राव ही राजनीति में लेकर आए थे और वित्त मंत्री का महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा था। वह अपने पहले राजनीतिक भाग्यविधाता के सम्मान में कुछ कर नहीं पाए। नरसिंह राव आजीवन कांग्रेसी रहे।

editor@rokthoklekhaninews.com
+91 8657861004
Faisal Shaikh @faisalrokthok

ROKTHOK LEKHANI NEWS
KHABREIN BE ROKTOK
Watch Us On YouTube
LIKE SHARE COMMENT SUBSCRIBE
youtube@rokthoklekhani

# बीड में सरपंच की हत्या के आरोपों के बीच मंत्री धनंजय मुंडे का बड़ा बयान...

**कहा- आरोपियों को हो फांसी की सजा**



**मुंबई:** महाराष्ट्र में बीड जिले के एक गांव के सरपंच संतोष देशमुख की हत्या के मामले में विपक्ष लगातार मंत्री धनंजय मुंडे के इस्तीफे की मांग कर रहा। इस हत्याकांड में मुंडे के करीबियों के सम्मिलित होने के आंशका में विपक्ष जांच को प्रभावित करने का भी आरोप भी लगा रहा है। मुंडे के करीबी सहयोगी वाल्मीकि कराड ने सरपंच की हत्या से जुड़े जबरन वसूली के एक मामले में मंगलवार को पुणे में सीआईडी के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया था। इन सारे आरोपों के बीच गुरुवार को मंत्री धनंजय मुंडे ने बड़ा बयान दिया है।

महाराष्ट्र में बीड जिले के एक गांव के सरपंच संतोष देशमुख की हत्या के मामले में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता और राज्य के मंत्री धनंजय मुंडे ने कहा कि देशमुख की हत्या करने वालों के खिलाफ त्वरित अदालत में मुकदमा चलाया जाना चाहिए और उन्हें फांसी की सजा दी जानी चाहिए। कैबिनेट की बैठक के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए धनंजय मुंडे ने कहा कि सीआईडी मामले की सही तरीके से जांच कर रही है। कथित तौर पर पवनचक्की कंपनी से जबरन वसूली की कोशिश का विरोध करने पर बीड के मासाजोग गांव के सरपंच देशमुख की 9 दिसंबर को अपहरण के बाद हत्या कर दी गई थी। मंत्री धनंजय मुंडे ने कहा कि ''सरपंच संतोष देशमुख की हत्या करने वालों पर त्वरित अदालत में मुकदमा चलाया जाना चाहिए और उन्हें फांसी की सजा दी जानी चाहिए। मैं ही वह व्यक्ति था, जिसने नागपुर में विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान त्वरित कार्रवाई अदालत में मुकदमा चलाने की मांग की थी।'' देशमुख की हत्या की निष्पक्ष जांच के लिए विपक्ष द्वारा इस्तीफे की मांग पर खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री ने कहा कि ''मंत्री के तौर पर मेरी तरफ से कोई प्रभाव नहीं है, यही वजह है कि जांच सीआईडी को सौंप दी गई है।'' महाराष्ट्र सरकार ने बुधवार को देशमुख की हत्या की जांच के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया। राज्य गृह विभाग द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि एसआईटी का नेतृत्व सीआईडी के उप महानिरीक्षक बसवराज तेली करेंगे। इससे पहले सरकार ने हत्या और उससे संबंधित जबरन वसूली तथा एक सुरक्षा गार्ड पर हमले के मामलों की जांच सीआईडी को सौंप दी थी।

## मुंबई की आभूषण की दुकान में 1.91 करोड़ लूटने वाला आरोपी एमपी से गिरफ्तार, चार दिन से था फरार



**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र में मुंबई की एक आभूषण की दुकान में चार दिन पहले बंदूक की नोक पर 1.91 करोड़ रुपये के सोने और चांदी के सामान लूटने वाले मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। क्राइम ब्रांच की टीम ने आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान विनोद लखन पाल के तौर पर की गई है, जो मध्य प्रदेश के निवाड़ी जिले से पकड़ा गया। मामले की जांच के दौरान क्राइम ब्रांच की टीम को कुछ अहम सुराग मिले, जिसके बाद पुलिस की टीम ने निवाड़ी के एक फार्म में छापेमारी की। मौके से मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। बता दें कि आरोपी विनोद लखन पाल उत्तर प्रदेश का रहने वाला है। उसने एक अन्य व्यक्ति के साथ 29 दिसंबर को ग्राहक बनकर मुंबई के अग्रीपाड़ा इलाके में सात रास्ता स्थित आभूषण की दुकान में बंदूक और चाकू दिखाकर लूटपाट की थी।

एक अधिकारी ने बताया कि आरोपी ने दुकान के मालिक और कर्मचारियों को बांध दिया था। उनके साथ मारपीट करने के बाद 1.91 करोड़ मूल्य मूल्य के आभूषण लेकर भाग गए। दुकान के मालिक ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। अग्रीपाड़ा पुलिस ने डकैती का मामला दर्ज किया। क्राइम ब्रांच की टीम ने भी मामले की जांच शुरू की। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास की सीसीटीवी फुटेज की जांच की। एक अधिकारी ने बताया कि तकनीकी सहायता के कारण आरोपी को मध्य प्रदेश से गिरफ्तार किया गया।

## बिना परमिट के ₹2700 करोड़ का ठेका, ठाणे खाड़ी तटीय सड़क खस्ताहाल



**महाराष्ट्र:** विधानसभा चुनाव से पहले ठाणे में घोड़बंदर रोड के समानांतर बनाए जा रहे गल्फ कोस्ट रोड के लिए मुंबई महानगर विकास प्राधिकरण द्वारा दिए गए 2,700 करोड़ रुपये के ठेके पर सवालिया निशान लग गया है। यह बात सामने आई है कि तिवर के जंगलों के विनाश, तटीय नियमन के सख्त कानून और नौसेना की जमीन पर निर्माण के कारण रक्षा विभाग की आपत्तियों के बावजूद और सभी आवश्यक अनुमति प्राप्त किए बिना ही यह ठेका दे दिया गया। खास तौर पर यह काम ह्यसुश्री नवयुग इंजीनियरिंग कंपनीह्व को दिया गया है, जो चुनावी बॉन्ड खरीदने के लिए चर्चा में रही है। कहा जा रहा है कि यह ठेका आचार संहिता लागू होने से पहले जल्दबाजी में दिया गया।

## मुंबई में भाई चन्द्रशेखर आजाद रावण के हाथो कैलेंडर का उद्घाटन



मुंबई में भाई चन्द्रशेखर आजाद रावण (म.प्र. नगीना, राष्ट्रीय अध्यक्ष एएसपी) और भाई विनय रतन सिंह (राष्ट्रीय अध्यक्ष भीम आर्मी) के हाथो 2025 के कैलेंडर का उद्घाटन किया गया। इस मौके पर गौरी प्रसाद उपासक (पूर्व केंद्रीय मंत्री, महाराष्ट्र परभरी), डॉ. आदित्य पटाकरोआ, (महाराष्ट्र कार्यकारी अध्यक्ष) मनीष साठे (महाराष्ट्र अध्यक्ष) कैलाश जयसवाल (मुंबई अध्यक्ष), और आसिफ सरदार (मुंबई प्रदेश महासचिव) मौजूद थे.

## जालना जिले में एक दर्दनाक सड़क हादसा, 4 लोगों की मौत!



**जालना :** महाराष्ट्र के जालना जिले में एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जिसमें चार लोगों की जान चली गई. पुलिस के मुताबिक, यह हादसा एक कार के खड़े ट्रक से टकराने की वजह से हुआ. हादसे के वक्त कार में सवार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए और अस्पताल ले जाने से पहले ही उनकी मौत हो गई. हादसा इतना भीषण था कि ट्रक से टकराने के बाद कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई. हादसे में दो अन्य लोग घायल हुए हैं, जिनका अस्पताल में इलाज चल रहा है. आपको बता दें कि ये लोग नए साल के मौके पर महाराष्ट्र के अक्कलकोट से गणपुर जा रहे थे यह हादसा उस वक्त हुआ, जब वे हाईवे पर सफर कर रहे थे. परिवार की कार बीड से संभाजीनगर जा रही थी और तभी एक खड़े ट्रक ने कार को पीछे से टक्कर मार दी. हादसा इतना भयानक था कि कार चकनाचूर हो गई और कार में सवार चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई. इस हादसे में कुछ लोग घायल भी हुए हैं, जिन्हें तुरंत इलाज के लिए छत्रपति संभाजीनगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है.

## शिरडी: साईं के चरणों में भक्त ने 203 ग्राम वजन का सोने का हार चढ़ाया...

**शिरडीः** नए साल के मौके पर भक्तों ने साल के पहले दिन साईं बाबा को खूब चढ़ावा चढ़ाया है। गौरतलब है कि देश-विदेश में लाखों भक्तों की साईं बाबा में आस्था है। इसी आस्था के चलते भक्तों ने नए साल के मौके पर साईं बाबा को खूब चढ़ावा चढ़ाया। 1 जनवरी 2025 को साईं भक्त श्रीमती बबीता टिकू ने साईं के चरणों में 203 ग्राम वजन का सोने का हार चढ़ाया है। इसकी कुल कीमत 13 लाख 30 हजार 348 रुपये है। उन्होंने साईं बाबा के चरणों में खूबसूरत कढ़ाई वाला हार चढ़ाया है।

बबीता टिकू साईं भक्त हैं और मूल रूप से जम्मू-कश्मीर की रहने वाली हैं। हालांकि, फिलहाल वे शिरडी की रहने वाली हैं। उनके परिवार ने नए साल के मौके पर यह हार बाबा के चरणों में चढ़ाया। साईं बाबा संस्थान शिरडी के सीईओ गोरक्ष गाडिलकर ने इस बारे में जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि साईचरणों में 203 ग्राम वजन का सोने का हार आया है, जिसकी कीमत 13 लाख 30 हजार है। हाल ही में



महाराष्ट्र के शिरडी में प्रसिद्ध मंदिर का प्रबंधन करने वाले श्री साईंबाबा संस्थान ट्रस्ट के लिए अच्छी खबर आई थी। बॉम्बे हाईकोर्ट ने माना था कि ट्रस्ट गुमनाम दान पर कर छूट पाने का पात्र है। ऐसा इसलिए क्योंकि यह धार्मिक और धर्मार्थ दोनों तरह का ट्रस्ट है। पीटीआई की खबर के मुताबिक, जस्टिस गिरीश कुलकर्णी और सोमशेखर सुंदरसन की खंडपीठ ने आयकर विभाग द्वारा दायर एक अपील को खारिज कर दिया था, जिसमें आयकर अपीलीय न्यायाधिकरण के अक्टूबर 2023 के फैसले को चुनौती दी गई थी। इसने कहा कि चूंकि ट्रस्ट एक धर्मार्थ और धार्मिक दोनों तरह का निकाय है, इसलिए यह अपने गुमनाम दान पर आयकर छूट के लिए पात्र है।

श्री साईंबाबा संस्थान ट्रस्ट ने अक्टूबर 2024 में दावा किया था कि उसके पास धर्मार्थ और धार्मिक दोनों तरह के दायित्व हैं, इसलिए यह नहीं कहा जा सकता कि यह पूरी तरह से धर्मार्थ ट्रस्ट है। आयकर विभाग के कर निर्धारण अधिकारी के अनुसार वर्ष 2015 से 2019 के बीच ट्रस्ट को बेनामी दान के रूप में बड़ी धनराशि प्राप्त हुई। विभाग ने कहा था कि इस राशि को कर से छूट नहीं दी जा सकती। आयकर विभाग के अनुसार वर्ष 2019 तक ट्रस्ट को कुल 400 करोड़ रुपये से अधिक का दान प्राप्त हुआ, लेकिन धार्मिक उद्देश्यों के लिए केवल 2.30 करोड़ रुपये ही खर्च किए गए।

## इंजीनियरिंग कॉलेज के 25 वर्षीय छात्र ने अपने माता-पिता की कथित तौर पर हत्या कर दी



**महाराष्ट्र :** पुलिस ने बताया कि यहां एक निजी इंजीनियरिंग कॉलेज के 25 वर्षीय छात्र ने अपने माता-पिता की कथित तौर पर हत्या कर दी, जिसका कारण उसकी शिक्षा और करियर को लेकर उनके साथ मतभेद होना था। अपने माता-पिता की हत्या करने के बाद, युवक अपनी बहन के साथ, जो इस जघन्य हत्याओं से अनजान थी, चाचा के घर रहने के लिए चला गया। एक अधिकारी ने बताया कि आरोपी उत्कर्ष ढकोले ने 26 दिसंबर को शहर के कपिल नगर इलाके में अपने माता-पिता की उनके घर पर हत्या कर दी और बुधवार सुबह पड़ोसियों द्वारा दुर्गंध की शिकायत करने के बाद यह दोहरी हत्या सामने आई। डीसीपी (जोन वी) निकेतन कदम ने बताया कि उसके माता-पिता के सड़े-गले शव बरामद होने के बाद उत्कर्ष को गिरफ्तार कर लिया गया और उसने उनकी हत्या करने की बात कबूल कर ली। उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान लीलाधर ढकोले (55) और उनकी 50 वर्षीय पत्नी अरुणा के रूप में हुई है।

अधिकारी ने बताया, ''उत्कर्ष ने कथित तौर पर 26 दिसंबर को दोपहर के समय अपनी शिक्षिका मां का गला घोंट दिया और बाद में शाम 5 बजे घर लौटने पर अपने पिता, जो एक बिजली संयंत्र में तकनीशियन और सामाजिक कार्यकर्ता थे, की चाकू घोंपकर हत्या कर दी। इसके बाद उसने शवों को वहीं छोड़ दिया।'' उन्होंने बताया कि ऐसा लगता है कि उत्कर्ष के खराब शैक्षणिक रिकॉर्ड और करियर को लेकर विवाद के कारण ऐसा हुआ। कदम ने बताया, ''उत्कर्ष अपने इंजीनियरिंग कोर्स के दौरान कई विषयों में पास नहीं हो पाया। इसलिए उसके माता-पिता चाहते थे कि वह इंजीनियरिंग छोड़कर कुछ और चुने। हालांकि, वह उनके सुझाव के खिलाफ था।''

## आपसी विवाद में पिता-पुत्र ने पड़ोसी को उतारा मौत के घाट...

### कटा हुआ सिर लेकर पहुंचे थाने, मचा हड़कंप!



**नासिकः** महाराष्ट्र के नासिक जिले से एक खौफनाक घटना सामने आई है। एक व्यक्ति और उसके बेटे ने अपने पड़ोसी की हत्या कर दी। इसके बाद में मृतक का कटा हुआ सिर लेकर गांव में घुमते हुए स्थानीय पुलिस स्टेशन पहुंच गया। इससे पुलिस भी सकते में आ गई। इस वारदात से गांव में तनाव का माहौल है। पुलिस अधिकारी ने गुरुवार को जानकारी देते हुए बताया कि बुधवार सुबह डिंडोरी तालुका के नानाशी गांव में एक व्यक्ति ने अपने बेटे के साथ मिलकर पड़ोसी की हत्या कर दी और फिर मृतक का कटा हुआ सिर लेकर स्थानीय पुलिस स्टेशन में सरेंडर कर दिया। वारदात के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और उसके बेटे को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने बताया कि आरोपी व्यक्ति के बेटे की उम्र की पुष्टि अभी नहीं हुई है। सुरेश बोके (40) और उसके बेटे ने अपने पड़ोसी गुलाब रामचंद्र वाघमारे (35) की धारदार हथियार से हत्या कर दी। उन्होंने बताया कि घटना के बाद वे मृतक का सिर और हत्या में इस्तेमाल किए गए हथियार लेकर नानाशी पुलिस चौकी पहुंच गए।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि घटना के बारे में पलते ही आक्रोशित स्थानीय लोगों ने आरोपी पिता-पुत्र के घर को क्षतिग्रस्त कर दिया और उनकी कार में आग लगा दी। उन्होंने बताया कि घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल है। सुरक्षा कारणों से स्थानीय पुलिस के साथ-साथ आस-पास के थानों के पुलिसकर्मियों और राज्य रिजर्व पुलिस बल के कर्मियों को भी गांव में तैनात किया गया है।

## मुंबई : तहव्वुर राणा को लाने का भारत लाने का रास्ता साफ...

**मुंबई :** भारत को 26/11 मुंबई आतंकी हमला मामले में बड़ी सफलता मिली है। पाकिस्तानी मूल के कनाडाई कारोबारी तहव्वुर राणा को भारत में लाने का रास्ता साफ हो गया है। अमेरिका की अदालत ने अब प्रत्यर्पण पर मुहर लगा दी है। एफबीआई ने साल 2009 में राणा को शिकागो से दबोचा था।



**लॉस एंजिल्स जेल में बंद है राणा**

तहव्वुर राणा मौजूदा समय में लॉस एंजिल्स की जेल में बंद है। 63 वर्षीय राणा ने लश्कर-ए-तैयबा के आतंकी डेविड कोलमन हेडली को मदद पहुंचाई थी। हेडली मुंबई अटैक का मास्टरमाइंड है। भारत उसके भी प्रत्यर्पण की मांग लंबे समय से करता आ रहा है। अब भारत-अमेरिका प्रत्यर्पण संधि के तहत राणा को लाने का रास्ता साफ हो गया है।

**भारत ने पेश किए मजबूत साक्ष्य**

अदालत में भारत ने राणा के खिलाफ मजबूत साक्ष्यों को रखा। इसके बाद अमेरिका अदालत ने कहा कि भारत में राणा के खिलाफ लगे आरोप अमेरिका से अलग हैं। हालांकि वह अमेरिका के आरोपों के तहत बरी हो चुका है। अदालत ने माना कि डेविड हेडली की मदद पहुंचाने वाले राणा के खिलाफ भारत के सुबूत मजबूत हैं। इन साक्ष्यों को आधार पर अब राणा को जल्द भारत लाया जाएगा।

**आईएसआई से जुड़ा था तहव्वुर**

2011 में अमेरिका की एक अदालत ने राणा को आतंकी हमलों को बढ़ावा देने के आरोपों से बरी कर दिया। मगर लश्कर-ए-तैयबा को मदद पहुंचाने और डेनमार्क में आतंकी साजिश मामले में उसको दोषी ठहराया गया था। डेविड हेडली ने भी राणा के खिलाफ गवाही दी थी। उसे मुंबई हमले की पूरी जानकारी थी। वह पाकिस्तान में आतंकी आकाओं के संपर्क में भी था। जानकारी के मुताबिक तहव्वुर राणा का संबंध पाकिस्तान की कुख्यात खुफिया एजेंसी आईएसआई से है।

पाकिस्तान में जन्मा, कनाडा की नागरिकता

राणा का जन्म पाकिस्तान में हुआ है। मगर बाद में वह कनाडा का नागरिक बन गया। कनाडा जाने से पहले राणा ने 10 वर्षों तक पाकिस्तान की सेना में बतौर डॉक्टर किया। बाद में वह भारत के खिलाफ आतंकी साजिश रचने लगा।

जर्मनी, इंग्लैंड, कनाडा समेत वह कई देशों की यात्रा कर चुका है। डेविड हेडली और लश्कर के साथ मिलकर मुंबई हमले की साजिश रची। 26 नवंबर 2008 को 10 पाकिस्तानी आतंकियों ने देश की आर्थिक राजधानी मुंबई को दहलाया था। आतंकी हमले में छह अमेरिकी नागरिक समेत कुल 166 लोगों की जान गई थी।

## २००० रुपये के 6,691 करोड़ रुपये मूल्य के ऐसे नोट अब भी जनता के पास



**मुंबई:** रिजर्व बैंक ने कहा कि 2000 रुपये के 98.12 प्रतिशत नोट बैंकिंग प्रणाली में वापस आ गए हैं और केवल 6,691 करोड़ रुपये मूल्य के ऐसे नोट अब भी जनता के पास हैं। 19 मई, 2023 को भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने 2000 रुपये के नोटों को प्रचलन से वापस लेने की घोषणा की। आरबीआई ने कहा कि प्रचलन में 2000 रुपये के नोटों का कुल मूल्य, जो 19 मई, 2023 को कारोबार की समाप्ति पर 3.56 लाख करोड़ रुपये था, 31 दिसंबर, 2024 को कारोबार की समाप्ति पर घटकर 6,691 करोड़ रुपये रह गया। इसने एक बयान में कहा, ''इस प्रकार, 19 मई, 2023 तक प्रचलन में रहे 2000 रुपये के 98.12 प्रतिशत नोट वापस आ चुके हैं।'' 2000 रुपये के नोट जमा करने और/या बदलने की सुविधा 7 अक्टूबर, 2023 तक सभी बैंक शाखाओं में उपलब्ध थी।

# भायंदर/ नशेड़ियों से परेशान रेलवे



**भायंदर :** भायंदर रेलवे स्टेशन के अधिकारी इन दिनों नशेड़ियों से परेशान है। हालही में भायंदर (पश्चिम) बालाजी नगर में स्वचालित सीढ़ी की शुरूआत की गयी है। यह स्वचालित सीढ़ी अब इन नशेड़ियों के निशाने पर है। यह नशा करने वाले इस स्वचालित सीढ़ी का बटन बंद कर देते हैं। एक बार यह स्वचालित सीढ़ी बंद होने के बाद इसे चालू करने में करीब एक घंटे का समय लग जाता है। इन स्वचालित सीढ़ी की देख रेख करने वाली टीम के पास भायंदर, मीरारोड एवं दहिसर रेलवे स्टेशन की जिम्मेदारी है। इस सीढ़ी के बंद होने के बाद उनको यहां आने में भी समय लग जाता है। भायंदर के रहिवासियों के आने-जाने के लिए भायंदर (पश्चिम) बालाजी नगर में पादचारी पुल बनाया गया यह पुल पूर्व और पश्चिम को जोड़ता है। यह पुल आम नागरिकों के लिए बनाया गया है परन्तु इस पुल पर पूरी तरह से नशा करने वाले नशेड़ियों ने अपना अड्डा बना रखा है। यह पुल रेलवे की सीमा में है।

# प्रेम-संबंध: लड़की के पिता और भाइयों ने नाबालिग को मार डाला, गिरफ्तार




**पुणे:** पुलिस ने बताया कि एक लड़की के पिता समेत उसके परिवार के तीन सदस्यों को गुरुवार को एक 17 वर्षीय युवक की कथित तौर पर हत्या करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि इन लोगों को संदेह था कि उसका उससे प्रेम-संबंध है। वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि गुरुवार तड़के वाघोली इलाके में गणेश तांडे (17) की बुरी तरह पिटाई की गई, जिससे उसकी मौत हो गई।

उन्होंने बताया, ''वह लक्ष्मण पेटकर की बेटी का दोस्त था। वे रोजाना बातचीत करते थे। पेटकर परिवार उनकी दोस्ती के खिलाफ था और उसने उसे मारने की योजना बनाई।'' उन्होंने बताया, ''गणेश अपने दोस्तों के साथ रात करीब 12.30 बजे सड़क पर टहल रहा था, तभी लक्ष्मण और उसके बेटों नितिन और सुधीर ने उसे घेर लिया और लोहे की छड़ों और पत्थरों से उसकी पिटाई कर दी। गणेश की मौत हो गई।'' अधिकारी ने बताया कि तीनों को कथित हत्या के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया है और आगे की जांच जारी है।

# मुंबई में 1.41 लाख घरों की बिक्री से 12,130 करोड़ की हुई कमाई

## 2023 की तुलना में 1,268 करोड़ बढ़ी आमदनी

**मुंबई :** 2024 में मुंबई में हुई घरों की खूब बिक्री ने सरकार को भी मालामाल कर दिया है। 2024 में 1.41 लाख प्रॉपर्टी संबंधित रजिस्ट्रेशन होने से सरकारी खजाने में 12,130 करोड़ रुपये जमा हुए हैं। मुंबई के रियल इस्टेट सेक्टर में जारी तेजी के कारण पिछले चार सालों में प्रॉपर्टी रजिस्ट्रेशन की कमाई 5,947 करोड़ रुपये से बढ़कर 12 हजार करोड़ रुपये को पार कर गई है। यह सरकार की कमाई का मुख्य जरिया बन गई है। 2021 में प्रॉपर्टी रजिस्ट्रेशन से सरकार को 5,947 करोड़ रुपये मिले थे, 2024 में यह राशि बढ़कर 12,130 करोड़ रुपये तक पहुंच गई है। मुंबई प्रॉपर्टी रजिस्ट्रेशन विभाग के अनुसार, 2023 की अपेक्षा 2024 में 14,202 अधिक घरों की बिक्री हुई है। घरों की बिक्री बढ़ने से 2023 की तुलना में 2024 में 1,268 करोड़ रुपये अधिक बतौर रजिस्ट्रेशन फीस और स्टैंप ड्यूटी के तौर पर मिले हैं। 2023 में 1.26 लाख घरों की बिक्री से 10,862 करोड़ रुपये



की कमाई हुई है।

**रिकॉर्ड वाला साल**

2024 में रियल इस्टेट सेक्टर के लिए रिकॉर्ड दर्ज कराने वाला वर्ष है। पिछले साल करीब हर महीने ऑल टाइम हाई रिकॉर्ड घरों की बिक्री हुई है। 12 महीने में से 8 महीनों में करीब 12 हजार या उस से अधिक घरों की बिक्री हुई है। रिकॉर्ड घरों की बिक्री होने से 2024 के 8 महीने में सरकार को 1 हजार करोड़ से अधिक की स्टैंप ड्यूटी मिली है। जबकि 2023 में केवल 3 महीने में ही 1 हजार करोड़ से अधिक की स्टैंप ड्यूटी मिली है।

**10 करोड़ रुपये से लेकर 80 करोड़ रुपये के घरों की बिक्री**

नाहर समूह की उपाध्यक्ष मंजू याज्ञनिक के मुताबिक, सरकार को प्राप्त होने वाले राजस्व में वृद्धि होने का मुख्य कारण अल्ट्रा लग्जरी सेगमेंट विशेषकर 10 करोड़ रुपये से लेकर 80 करोड़ रुपये के बीच के घरों की बिक्री में बढ़ोतरी होना है। आरबीआई द्वारा रेपो रेट को 6.5 प्रतिशत बनाए रखने के फैसले ने मार्केट के प्रति विश्वास बढ़ाया है। मुंबई में करीब 6.7 प्रतिशत घरों की मांग आपूर्ति में 5.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इस से प्रॉपर्टी की कीमतों में करीब 6% की बढ़ोतरी हुई है। 2025 में भी घरों की बिक्री की रफ्तार जारी रहने की उम्मीद है।

**रीडिवेलपमेंट प्रॉजेक्ट की रफ्तार और बढ़ी**

सारथी रियल्टर्स के संस्थापक राजीव अग्रवाल के अनुसार, राज्य में महायुति की सरकार आने के बाद रीडिवेलपमेंट प्रॉजेक्ट की रफ्तार और बढ़ी है। स्लम और पुरानी बिल्डिंग के रीडिवेलपमेंट में और तेजी देखने को मिल रही है। वहीं रीडिवेलपमेंट में आ रही अड़चनों को दूर करने के लिए एक्सपर्ट्स की कमेटी का गठन करने की जरूरत है, ताकि सरकार की मुंबई स्लम मुक्त करने की योजनाओं को और गति मिले।

# मुंबई : 2015 के ड्रग्स जब्ती मामले में आठ लोगों को दोषी ठहराया

**मुंबई :** 2015 के ड्रग्स जब्ती मामले में सुनवाई कर रहे विशेष न्यायाधीश शशिकांत बांगर ने इन आठ लोगों को नशीले पदार्थों से संबंधित अपराधों के लिए दोषी ठहराया। कोर्ट ने उन्हें अधिकतम 20 साल की सजा सुनाई। इसके साथ ही अदालत ने प्रत्येक दोषी पर 2 लाख रुपये का जुमार्ना भी लगाया। मुंबई से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। जहां बुधवार को एक विशेष अदालत ने 2015 में 200 किलोग्राम से अधिक नशीले पदार्थ जब्त करने के मामले में आठ पाकिस्तानी नागरिकों को 20 साल की सजा सुनाई। साथ ही सभी दोषी को 2-2 लाख रुपये का जुमार्ना भी लगाया है। बता दें कि इन नशीले पदार्थों की कीमत करीब 7 करोड़ रुपये थी। मामले में सुनवाई के दौरान एनडीपीएस अधिनियम मामलों के विशेष न्यायाधीश शशिकांत बांगर ने इन आठ लोगों को मादक पदार्थों से संबंधित अपराधों के



लिए दोषी ठहराया और उन्हें अधिकतम 20 साल की सजा सुनाई। इसके साथ ही अदालत ने प्रत्येक दोषी पर 2 लाख रुपये का जुमार्ना भी लगाया।

**जांच में पाउडर निकला था हेरोइन**

गौरतलब है कि 2015 में भारतीय तटरक्षक बल ने गुजरात के तट से 232 किलोग्राम हेरोइन जब्त की थी, जिसकी कीमत 6.96 करोड़ रुपये थी। इस मादक पदार्थ को एक नाव से ले जाया जा रहा था, जिसमें 11 ड्रम थे, जिनमें 20 प्लास्टिक पाउच में गेहूं रंग का पाउडर था। जांच में यह पाउडर हेरोइन निकला।

जानकारी के अनुसार आठ आरोपियों के पास से तीन सैटेलाइट फोन, जीपीएस नेविगेशन चार्ट और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण भी बरामद किए गए थे। बाद में इन्हें दक्षिण मुंबई में येलो गेट पुलिस को सौंप दिया गया। विशेष लोक अभियोजक सुमेश पुंजवानी ने आरोपियों के लिए अधिकतम सजा की मांग की, ताकि यह अन्य मादक पदार्थ तस्करों के लिए एक कड़ा संदेश बने। वहीं, बचाव पक्ष के वकील ने नरम सजा की मांग की। अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद नरम रुख अपनाने से इनकार करते हुए आठों आरोपियों को अधिकतम सजा सुनाई।

# मुंबई : समंदर की मछलियां तेजी से दूर भाग रही हैं....



**मुंबई :** एक हैरान कर देने वाली जानकारी सामने आई है. यहां के समंदर की मछलियां तेजी से दूर भाग रही हैं. हां, इसकी वजह जानकर हैरान रह जाएंगे. मछलियों के इस तरह बड़ी संख्या में पलायन करने से मछली पकड़ने वाले मछुआरों की चुनौती बढ़ गई है. ये मछुआरे कई दिन बाद किनारे पर लौट रहे हैं. उन्हें अब मछली के लिए करीब 185 किमी दूर जाना पड़ रहा है.

अब वजह पर आते हैं. एक मछुआरे ने बताया कि मछलियों के भागने की वजह मुंबई में छाया कोहरा है. पिछले हफ्ते से मुंबई के तटीय इलाके में अरब सागर के आसमान में घना कोहरा छाया हुआ है. इसकी वजह से आमतौर पर 15-20 नॉटिकल मील के दायरे में रहने वाली मछलियां दूर गरम पानी की तरफ भाग गई हैं.

मौसम विभाग के एक अधिकारी ने बताया है कि पूर्वी हवाओं ने मुंबई से समुद्र की ओर धुंध बढ़ा दी है. यह अभी 40-50 समुद्री मील (नॉटिकल मील) के क्षेत्र तक फैला हुआ है, जिससे मछली पकड़ने वाले जहाजों के लिए दृश्यता कम हो गई है. मछुआरों के एसोसिएशन के प्रमुख देवेंद्र टंडेल और राजहंस ने टीओआई को बताया कि मछली पकड़ने वाली नौकाओं और ट्रॉलरों को अब 100 समुद्री मील (भारत का जलक्षेत्र 200 समुद्री मील तक है) तक जाने के लिए काफी ईंधन लेकर जाना पड़ रहा है. जैसे-जैसे मछलियां गर्म पानी की ओर बढ़ती हैं, मछली पकड़ना कम हो रहा है और शहर के बाजारों में कीमतें बढ़ रही हैं.

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। मोबाइल नं 998777 5650, Email-editor@rokthoklekhaninews.com